हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 11 जुलाई 2026

12 पुलिस ने नशीली गोलियों की बड़ी खेप पकड़ी



12 7 साल के सिद्धार्थ को एसपी ने किया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर मारपीट, तोडफ़ोड़, नकदी ले जाने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दो ओर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गुरूनानकपुरा फतेहाबाद निवासी वीरेन्द्र सिंह के रूप में हुई है जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग है। इस मामले में पूर्व में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके साथ ही अब तक कुल आठ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि गुरुनानकपुरा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर थाना शहर फतेहाबाद में 7 मार्च को मुकदमा दर्ज किया गया था।

### संत निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर कल

**सिरसा।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संत निरंकारी सत्संग भवन, गांव नेजाडेला कलां में 12 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान कैंप के साथ ही संत समागम का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सिरसा, नेजाडेला कलां के साथ पंजुआना, बुढाभाणा, बप्पां, भंगु, रोड़ी, कालांवाली, दड़बी, सलारपुर व नटार से सैकड़ों की संख्या में साधसंगत भाग

### खरीफ फसलों का पोर्टल पर 31 तक कराएं पंजीकरण

**सिरसा।** खरीफ-2026 की फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर पंजीकरण कार्य जारी है। अब तक जिले के 74,785 किसान ने अपनी 4,86,864 एकड़ भूमि का पोर्टल पर पंजीकरण करवा चुके हैं। जिन किसानों ने अबतक पंजीकरण नहीं करवाया है, वे 31 जुलाई तक पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। उप कृषि निदेशक, सिरसा डॉ. सुखदेव सिंह ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फसल पंजीकरण अनिवार्य है।

### हरित क्रांति को बढ़ावा देने का बीड़ा उठाया कमांडो बादल ने

**सिरसा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समाजसेवी कमांडो बादल पूनिया व संदीप सोनी ने पौधारोपण अभियान आरंभ किया है। शुक्रवार को उन्होंने करीब एक हजार पौधे रोपित करने के अपने लक्ष्य के तहत महाराणा प्रताप चौक से लेकर हुडा सेक्टर को जाने वाली मार्ग के बीचोंबीच फूलों व फलों के पौधे रोपित किए। इस दौरान रोपित किए गए पौधों को नियमित रूप से पानी आदि देकर उनके संरक्षण की दिशा में भी उन्होंने संकल्प लिया और पूरी तत्परता से इस कार्य को अंजाम दिया। इस दौरान कमांडो बादल पूनिया ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे भी इस मानसून सीजन में कम से कम 1000 पौधों का अपना लक्ष्य तय करें और इस दिशा में तेजी से अभियान को गति दें। उन्होंने कहा कि ऐसा किए जाने से भावी पीढियों के लिए स्वच्छ व हरित वातावरण उपहार में दिया जा सकेगा।

## रतिया पालिका में सियासी संग्राम तेज

# अविश्वास प्रस्ताव के बीच 15 करोड़ रुपये के कथित घोटाले का आरोप

### अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षद बोले : कचरा, डीजल, पौधे, रंग-रोगन से लेकर विकास कार्यों तक में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

रतिया नगर पालिका में चेयरपर्सन प्रीति खन्ना के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव अब भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के साथ बड़े राजनीतिक विवाद में बदल गया है। अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले पार्षदों ने शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता कर चेयरपर्सन, पालिका सचिव, कनिष्ठ अभियंता और अन्य अधिकारियों पर करीब 15 करोड़ रुपए के कथित घोटालों का आरोप लगाया। पार्षदों ने दावा किया कि उनके पास कई मामलों से जुड़े दस्तावेज और भुगतान के रिकॉर्ड मौजूद हैं तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच के लिए वे जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करेंगे। पालिका उपप्रधान जोगिंदर नंदा, पार्षद सतपाल सिंह, गौरव शर्मा, गुरप्रीत गोपी, जसबीर चौहान, विजय कुमार, पार्षद प्रतिनिधि रमेश गर्ग, गुरपाल सिंह समेत अन्य पार्षदों ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव किसी व्यक्तिगत या राजनीतिक कारण से नहीं, बल्कि कथित भ्रष्टाचार और विकास कार्यों की अनदेखी के कारण लाया गया है। उनका आरोप है कि पिछले चार वर्षों में वार्डों के विकास की बजाय फर्जी बिलों और भुगतान पर अधिक ध्यान दिया गया। पार्षदों ने दावा किया कि नगर पालिका में कचरा उठाने के नाम पर सबसे बड़ा घोटाला हुआ। उनका कहना था कि केवल तीन-चार दिन जेसीबी और कुछ ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाकर 1.43 करोड़ रुपए के बिल पास कर दिए गए, जबकि आज भी शहर के टेलीफोन एक्सचेंज और लाली रोड क्षेत्र में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक बैठक में चेयरपर्सन ने 87 लाख रुपए के भुगतान पर हस्ताक्षर करने से इनकार किया था, लेकिन उनके पास ऐसे दस्तावेज हैं जिन पर चेयरपर्सन के हस्ताक्षर मौजूद हैं।



रतिया। पत्रकारों से बातचीत करते पार्षद। फोटोः हरिभूमि

### साबुन-तेल पर नपा ने खर्च किए 6 लाख

प्रेस वार्ता में पार्षदों ने डीजल खरीद में करीब 7 लाख रुपए की कथित अनियमितता का भी आरोप लगाया। उनका कहना था कि फॉगिंग और सरकारी वाहनों के लिए डीजल दिखाकर पेट्रोल पंप से नकद भुगतान किया गया। इसके अलावा करीब 7 लाख रुपए के पौधारोपण, 12 लाख रुपए के रंग-रोगन, 6 लाख रुपए के साबुन व तेल खरीद, सामुदायिक केंद्रों की मरम्मत, बरसाती नालों की रिपेयरिंग, सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों में भी बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बडियां होने का आरोप लगाया गया। पार्षदों ने कहा कि इन मामलों की विजिलेंस स्तर पर जांच शुरू होने का दावा किया गया है और वे पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने के लिए मुख्यमंत्री से मिलेंगे। उनका कहना था कि यदि जांच निष्पक्ष हुई तो पूरे मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी।

### अविश्वास प्रस्ताव को पंजाबी समाज से न जोड़ें

*अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उठे सामाजिक और राजनीतिक विवाद पर भी पार्षदों ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम को पंजाबी समाज से जोडना पूरी तरह गलत है और इसकी वे कड़ी निंदा करते हैं। उनके अनुसार यह प्रस्ताव केवल निर्वाचित पार्षदों का निर्णय है और इसमें किसी विधायक या बाहरी व्यक्ति की भूमिका नहीं है। पार्षदों ने यह भी कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली बैठक स्थगित होने का निर्णय उनकी सहमति से लिया गया था। नई तारीख जल्द घोषित होगी और चेयरपर्सन को सदन में बहुमत का सामना करना पड़ेगा।*

## युवक की संदिग्ध मौत पर सनियाना में बवाल

# शव थाने लाकर परिजनों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

गांव सनियाना में 35 वर्षीय प्लंबर विपिन कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद शुक्रवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। सुबह गांव के जोहड़ में विपिन का शव दिखाई देने पर परिजन और ग्रामीण उसे बाहर निकालकर सीधे भूना थाना पहुंच गए। यहां पुलिस कार्रवाई से नाराज लोगों ने जमकर हंगामा किया।



विपिन का फाइल फोटो

परिजनों का आरोप था कि घटना की रात पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन हमलावरों के खिलाफ समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। बाद में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शांत हुए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल फतेहाबाद भेजा गया। मृतक की मां कमला देवी और पत्नी रीना की शिकायत के अनुसार, 8 जुलाई की रात बंटी पुत्र रामकुमार, उसका बेटा, प्रवीण उर्फ मिढ़ाराम, मप्पी, संजय तथा राजेश वाल्मीकि सहित 10 अन्य अज्ञात लोग लाठी-डंडों और गंडासी लेकर उनके घर पहुंचे। आरोप है कि हमलावरों ने विपिन के साथ मारपीट की। जान बचाने के लिए वह अंधेरे का फायदा उठाकर घर से भाग गया।



भूना। विपिन का शव थाने लाकर परिजन हंगामा करते हुए। फोटोः हरिभूमि

### परिवार का इकलौता कमाने वाला था विपिन

35 वर्षीय विपिन कुमार प्लंबर का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अपने 65 वर्षीय पिता प्रकाश चंद, 62 वर्षीय मां कमला देवी, पत्नी रीना और दो बेटों 10 वर्षीय आर्यन तथा 8 वर्षीय आयुष का एकमात्र सहारा था। विपिन की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# एंटी नारकोटिक सेल की टीम पर हमला करने के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**रतिया में पुलिस टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर दो जवानों को किया था घायल**

एन्टी नारकोटिक सेल फतेहाबाद की टीम पर हमला करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान प्रगट सिंह उर्फ काक पुत्र गुरतेज सिंह निवासी शिमलापुरी कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। इस मामले में पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि सेल को सूचना मिली थी कि शिमलापुरी कॉलोनी, रतिया निवासी एक व्यक्ति नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त है। सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एन्टी नारकोटिक सेल की टीम सिविल वेश में मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच के अनुसार पुलिस टीम संदिग्ध के मकान के संबंध में जानकारी जुटा रही थी। इसी दौरान वहां मौजूद एक व्यक्ति ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमले में एन्टी नारकोटिक सेल में तैनात सिपाही गुरदीप सिंह एवं सिपाही रोहताश घायल हो गए। आरोपियों ने सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने के साथ पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपीट की, सिपाही गुरदीप सिंह का मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद दोनों घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल रतिया ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हें बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया।

# 75 नए पटवारियों को मिले सर्कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- अब एक पटवारी पर नहीं रहेगा कई हलकों का बोझ

फतेहाबाद जिले में लंबे समय से अतिरिक्त सर्कलों का जिम्मा संभाल रहे पटवारियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। जिला प्रशासन ने राजस्व व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नवचयनित 75 पटवारियों को विभिन्न तहसीलों और उप-तहसीलों में पटवार सर्कल आवंटित कर दिए हैं। कलेक्टर डॉ. विवेक भारती की ओर से जारी आदेश के बाद सभी संबंधित तहसीलदारों और उप-तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि नए पटवारियों को तत्काल उनके आवंटित सर्कलों का कार्यभार सौंपा जाए। प्रशासन का मानना है कि नई नियुक्तियों से राजस्व विभाग में लंबित कार्यों के निस्तारण में तेजी आएगी और लोगों को इंतकाल, जमाबंदी, गिरदावरी, रिकॉर्ड संबंधी सुधार तथा अन्य राजस्व सेवाओं के लिए पहले की तुलना में कम इंतजार करना पड़ेगा। अब तक कई पटवारियों के पास एक से अधिक सर्कलों का अतिरिक्त चार्ज होने के कारण काम का दबाव अधिक था। नव नियुक्त पटवारियों को केवल पारंपरिक राजस्व कार्य ही नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न डिजिटल परियोजनाओं को भी गति देनी होगी। इनमें भूमि रिकॉर्ड को आधार से लिंक करना, एग्रीस्टैक के तहत किसानों की यूनिक आईडी तैयार करना, जमाबंदी में ऋण और स्टे संबंधी प्रविष्टियां दर्ज करना, स्वामित्व योजना के रिकॉर्ड तैयार करना तथा भू-नक्शा पोर्टल पर तरतीमा अपडेट करना प्रमुख जिम्मेदारियां होंगी।

# एसआईआर फार्म भरने गए बीएलओ के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

नाथूसरी चौपटा में भट्टू रोड पर एसआईआर फार्म भरने गए बीएलओ के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़े दिए गए। घायल बीएलओ को नाथूसरी चौपटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है। बीएलओ ने इसकी शिकायत चौपटा थाना में दी है। बीएलओ हरपाल सिंह ने बताया कि एसआईआर फार्म भरने में चौपटा के अंदर ड्यूटी लगी हुई है। भट्टू रोड पर शुक्रवार को सहायक दीपक कुमार के साथ धर्मवीर सिंह मोठिया के घर पर गया। इसके बाद घर पर आवाज लगाई तो महिला बाहर आई। महिला को पहले से दिए गए एसआईआर फार्म मांगे। महिला घर से खाली एसआईआर फार्म लाकर दे दिए। इस पर महिला से उनके पति के मोबाइल नंबर मांगते हुए कहा कि यह फार्म भरने जरूरी है। नहीं तो आपका वोट कट जाएगा।



सिरसा। चोपटा थाना में शिकायत देने पहुंचा बीएलओ। फोटोः हरिभूमि

### जेसीबी मशीन के ऊपर गिरा बिजली का पोल, हादसा टला

**सिरसा।** कालांवाली रेलवे स्टेशन के पीछे गली मंत्री वाली गली के पास अचानक बिजली का पोल वहां से गुजर रही जेसीबी मशीन पर गिर गया, हादसे में जेसीबी चालक बाल -बाल बच गया, अमृत भारत योजना के तहत कालांवाली रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है जिसके चलते जेसीबी मशीन रेलवे स्टेशन के पीछे काम करते समय वहां से गुजर रही थी कि अचानक मशीन के ऊपर बिजली का पोल गिर गया बिजली का पोल गिरने पर जेसीबी चालक बाल बाल बच गया और वह फुर्ती से मशीन से बाहर निकल गया, हादसे के बाद आसपास के लोगों ने बिजली निगम को घटना की सूचना दी और बिजली की सप्लाई बंद करवाई।

**निरीक्षण** पेयजल से सिंचाई करने वालों पर विभाग की सख्ती

# हंसगा में पेयजल की बर्बादी पर विभाग सख्त, 25 जल कनेक्शन काटे, 18 उपभोक्ताओं को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

जल संरक्षण को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने गांव हंसगा में सख्ती दिखाते हुए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान पेयजल की बर्बादी करते पाए गए 25 उपभोक्ताओं के जल कनेक्शन काट दिए गए, जबकि 18 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी पेयजल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी। यह अभियान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली के नेतृत्व में चलाया गया। विभागीय टीम ने पूरे गांव का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर पेयजल से हरे चारे और सब्जियों की सिंचाई होती मिली।



भूना। गांव हंसगा में पेयजल कनेक्शन काटते विभाग की टीम। फोटोः हरिभूमि

### पानी बचाने की हिदायत

अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया। ग्रामीणों को पेयजल के विवेकपूर्ण उपयोग, अवैध जल उपयोग से होने वाले नुकसान तथा विभागीय नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही भविष्य में पेयजल की बर्बादी नहीं करने की हिदायत दी गई। निरीक्षण अभियान में कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार और दीपक कुमार, खंड संयोजक राकेश कुमार सहित विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।





## म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

लाइफ Style

# अंजलि

## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री




पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।

## हॉलीवुड मसाला

## ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...




लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




## 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कनफर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




## मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




## द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

## टीवी मसाला




## रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

### हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को



नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।

## सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

## राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों



में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।

### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

## लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।' यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की सक्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## खबर संक्षेप



### अमीर चावला ने पौधे बांटकर मनाया जन्मदिन

**सिरसा।** समाजसेवी व कांग्रेसी नेता अमीर चावला का जन्मदिन समर्थकों ने सामाजिक सरोकारों के साथ सादगीपूर्वक मनाया। बस स्टैंड के निकट आमजन को पौधे वितरित किए और लंगर लगाया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अमीर चावला ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या के कारण पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है, जिसे आमजन भली भांति महसूस भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि निरंतर बढ़ रहा प्रदेश का तापमान हमारे व हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए शुभ संकेत नहीं है।

### युवाओं ने सीखी विभागीय कार्यप्रणाली

**फतेहाबाद।** राजस्व विभाग, जिला में माय भारत के स्वयंसेवकों द्वारा अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए विभागीय कार्यों में सहयोग किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सरकारी कार्यप्रणाली का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व और जनसेवा की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने विभाग के विभिन्न कार्यों में सहयोग करते हुए राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली को निकट से समझा।

### चोरी के मामले में पानीपत से युवक काबू

**फतेहाबाद।** बंद मकान में चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने पानीपत के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विकास नगर, पानीपत निवासी जीवन शर्मा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पुराना मॉडल टाउन, टोहाना निवासी एक महिला की शिकायत पर थाना शहर टोहाना में 3 मार्च को मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता देविका की माता अपने मकान को बंद कर केरल घूमने गई हुई थी। देर रात पड़ोसी द्वारा मकान के भीतर से आवाजें आने की सूचना मिलने पर शिकायतकर्ता मौके पर पहुंची तथा डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस को बुलाया। मौके पर मकान के बाहर एक संदिग्ध कार खड़ी मिली।

### बाइक चोरी का मामला बिहार का युवक पकड़ा

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने बिहार के युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राजा कुमार पुत्र नथानी राम निवासी जोगबनी, जिला अररिया, बिहार के रूप में हुई है। शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि थाना शहर टोहाना में 9 जुलाई को इस बारे मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता वीरभान निवासी टोहाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 03 जुलाई को अपनी मोटरसाइकिल टाउन पार्क, हिसार रोड, टोहाना के बाहर खड़ी कर पार्क में गया था। करीब एक घंटे बाद वापस लौटने पर उसकी बाइक वहां से गायब मिली।

### अंडर-18 एवीसी चैंपियनशिप में खेलेगा, परिजनों व खेल प्रेमियों में खुशी की लहर

## पीलीमंदौरी के मोहित का वॉलीबॉल टीम में चयन

### चीन में लिबेरो के तौर पर दिखाएगा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

क्षेत्र के गांव पीलीमंदोरी निवासी होनहार वॉलीबॉल खिलाड़ी मोहित डूडी का भारतीय टीम में चयन हुआ है। वह अंडर-18 भारतीय नेशनल वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पहले मोहित का इंडिया कैंप ट्रायल के लिए चयन हुआ था, जहां अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर उन्होंने 22 सदस्यीय नेशनल टीम में अपनी जगह पक्की की। अब मोहित एवीसी अंडर-18 चैंपियनशिप में खेलने के लिए चीन पहुंच चुके हैं, जहां 12 से 18 जुलाई तक यह चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। मोहित इस प्रतियोगिता में



भट्टूकलां। पीलीमंदौरी निवासी मोहित।

टीम के मुख्य लिबेरो के तौर पर मैदान में उतरेंगे। गौरतलब है कि मोहित इससे पहले भी स्टेट और नेशनल लेवल पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर टूर्नामेंट ऑफ द प्लेयर का खिताब अपने नाम कर चुके हैं।

#### साधारण परिवार से निकलकर तय किया अंतरराष्ट्रीय सफर

मोहित डूडी एक बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता राजेश डूडी खेतीबाड़ी करने के साथ-साथ पशु चारे की दुकान चलाते हैं, जबकि मां मुकेश रानी गृहिणी हैं। परिवार में उनकी एक छोटी बहन अनु है, जो 11वीं कक्षा में पढ़ती है। मोहित के पिता राजेश ने बताया कि मोहित पिछले 6-7 साल से वॉलीबॉल खेल रहा है। उसने शुरुआत गांव के ही खेल मैदान से की थी। खेल के प्रति उसकी बढ़ती रुचि को देखते हुए उसे विभिन्न खेल एकेडमियों में भेजा गया। मोहित ने पहले सिरसा जिले के नाथुसरी चौपटा और फिर गुरुग्राम में प्रशिक्षण लिया। वर्तमान में वह सिरसा की जेसीडी में 12वीं कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ वॉलीबॉल की एडवांस ट्रेनिंग ले रहा है। उसने कोच मुकेश कासनिया और कोच राहुल के कुशल मार्गदर्शन में अपनी खेल बारीकियों को सुधारा है।

#### आर्थिक तंगहाली के बावजूद पिता ने नहीं टूटने दिया हौसला

पिता राजेश डूडी बताते हैं कि एक साधारण परिवार होने के कारण बेटे को वॉलीबॉल जैसे खेल में आगे बढ़ाना और इस स्तर तक पहुंचाना आसान नहीं रहा। मोहित के खेल और डाइट पर हर महीने 10-15 हजार रुपए का खर्च आता है। उन्होंने बड़ी मुश्किल से गुजारा करके और तंगहाली के बावजूद बेटे की ट्रेनिंग में कोई कमी नहीं आने दी। आज बेटे की इस बड़ी कामयाबी पर पूरे परिवार को गर्व है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि मोहित एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शानदार खेल के बल पर देश, प्रदेश व अपने गांव का नाम दुनिया भर में रोशन करेगा।

#### क्या होती है लिबेरो की भूमिका

वॉलीबॉल खेल में लिबेरो एक विशेष और बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी होता है। यह एक बैक-रो डिफेंसिव खिलाड़ी होता है, जिसकी जर्सी का रंग टीम के बाकी खिलाड़ियों से अलग होता है। लिबेरो आमतौर पर टीम का सबसे बेहतरीन पासर और सर्व-रिसीवर होता है। मैदान पर उसका मुख्य काम विपक्षी टीम द्वारा पूरी ताकत से शॉट मारी गई गेंदों को रोकना, पहले कॉन्टैक्ट को कंट्रोल करना और खेल को आक्रामक रूप देने के लिए गेंद को आगे बढ़ाना होता है। खेल प्रेमियों का मानना है कि मोहित अपनी इस भूमिका में चीन की धरती पर भारतीय टीम के लिए संकटमोचक साबित होगा।

### जिला पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन सिरसा की नई कार्यकारिणी का गठन




सिरसा। शपथ लेतs नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

**सिरसा।** जिला पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन सिरसा की पटवार भवन में शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने तथा राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर चर्चा की गई। नई कार्यकारिणी में दलबीर सिंह बिस्सू को सर्वसम्मति से जिला प्रधान चुना गया। गुरप्रीत सिंह कानूंगो को वरिष्ठ उपप्रधान, अजय सिंह पटवारी को उपप्रधान, बंशी लाल बिश्नोई को महासचिव, रोहताश वर्मा को प्रेस सचिव, सुरेंद्र सिंह कानूंगो को कोषाध्यक्ष, जसबीर पटवारी को ऑडिटर, मनोज कुमार एवं सुनीता रानी को सह सचिव तथा अशोक कुमार काननूगो को जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त जिला प्रधान दलबीर सिंह बिस्सू ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता को बनाए रखते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## पीएचडी शोधार्थी डिंपल ने पूरा किया प्रतिष्ठित फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की पीएचडी शोधार्थी डिंपल सैनी ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ग्रीष्मकालीन फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह बाजवा ने बताया कि विभाग के विद्यार्थी समय-समय पर व्यवहारिक रूप से दक्ष होने के उद्देश्य से देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से प्रशिक्षण ग्रहण करते हैं। उसी दिशा में विभाग की शोधार्थी डिंपल सैनी ने यह कोर्स संपन्न किया है। उन्होंने कहा कि यह तीन सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम देश के चुनिंदा प्रतिभागियों के लिए आयोजित



सिरसा। प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए।

किया जाता है। शोधार्थी डिंपल सैनी ने बताया कि वे पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में इम्तिआज अली की फिल्मों पर पीएचडी शोध कार्य विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ रविंद्र ढिल्लों के दिशा निर्देशन में कर रही है।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बप्पां में विश्व जनसंख्या दिवस की पूर्व संध्या पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या का प्रभाव केवल संसाधनों पर ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता पर भी पड़ता है। उन्होंने बताया कि जनसंख्या संतुलन का अर्थ केवल जनसंख्या को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर शिक्षा,



सिरसा। विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्टर के माध्यम से संदेश देते हुए।

स्वास्थ्य सुविधाएं, पोषण और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे छोटे परिवार, जागरूक नागरिकता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश को अपने परिवार तथा समाज तक पहुंचाएं और सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान दें।

#### जागरूकता फैलाने का आह्वान

प्राचार्य मनीष कुमार मेहता ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि सीमित संसाधनों का संतुलित उपयोग कैसे किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन का आधार बनाने, समाज में जागरूकता फैलाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जागरूक युवा ही विकसित और समृद्ध भारत की मजबूत नींव हैं। अंत में सभी विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वे जनसंख्या संतुलन, स्वस्थ परिवार, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के संदेश को अपने जीवन में अपनाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## 5.80 लाख की साइबर ठगी का खुलासा, दो आरोपी काबू

- बंद मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर बैंक खाते से उड़ाई थी रकम, पुलिस ने पूरी राशि बरामद कर पीड़ित को लौटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पांच लाख 80 हजार रुपये की साइबर ठगी के मामले का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपियों के कब्जे से ठगी गई पूरी शत-प्रतिशत राशि बरामद कर शिकायतकर्ता को वापस दिला दी है।

थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता लाली रोड, रतिया निवासी गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, गुरप्रीत के एचडीएफसी बैंक खाते से लिंक उनका एक पुराना मोबाइल नंबर बंद हो गया था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसी बंद नंबर को अपने नाम पर दोबारा एक्टिव करवा लिया। इसके बाद शातिर आरोपी ने बैंक से नया एटीएम कार्ड री-इश्यू करवा लिया। आरोपी ने चार जून से नौ जून के बीच इस एटीएम कार्ड के जरिए गुरप्रीत के बैंक खाते से 5 लाख 80 हजार रुपये की बड़ी राशि पार कर दी। गुरप्रीत सिंह की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में



फतेहाबाद। साइबर ठगी मामले में गिरफ्तार दोनों युवक।

#### मेहनत की कमाई वापस पाकर शिकायतकर्ता ने जताया आभार

अपनी पूरी डूबी हुई रकम वापस मिलने पर रतिया निवासी गुरप्रीत सिंह के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने फतेहाबाद पुलिस और साइबर सेल का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा, पुलिस ने जिस त्वरित और प्रभावी तरीके से कार्रवाई की, वह काबिले तारीफ है। पुलिस की सक्रियता के कारण ही मेरी मेहनत की पूरी कमाई सुरक्षित वापस मिल सकी है। उन्होंने साइबर थाना प्रभारी और उनकी पूरी टीम की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की।

केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया इनपुट के आधार पर आरोपियों को ट्रैक किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिसार के गांव खेड़ी गगन निवासी सचिन तथा पुठी मंगल खां निवासी विनोद के रूप में हुई है।

## जिले के 17 चयनित शहरी एवं ग्रामीण नमूना क्षेत्रों में होगा राष्ट्रीय सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जुलाई से फतेहाबाद जिले में विभिन्न महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सर्वेक्षण शुरू किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, उप क्षेत्रीय कार्यालय, हिसार के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि इन सर्वेक्षणों का उद्देश्य रोजगार, कृषि, ऋण, निवेश, प्रवास तथा सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों से संबंधित विश्वसनीय आंकड़े एकत्रित करना है, ताकि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास नीतियों के निर्माण के लिए प्रमाणिक आंकड़ों का उपयोग कर सके।

#### जुलाई माह में फतेहाबाद जिले के 17 नमूना क्षेत्रों का चयन

वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि फतेहाबाद जिले के 17 शहरी एवं ग्रामीण सैंपल यूनिट्स का चयन किया गया है। इनमें चिमो,फतेहाबाद शहर के विभिन्न वार्ड, भरपूर, जल्लोपुर, करंडी, सनियाना, चंदड़खुर्द, माजरा, जाखल, भट्टू कलां, टोहाना तथा उदयपुर सहित अन्य चयनित क्षेत्र शामिल हैं। इन क्षेत्रों में एनएसओ के अधिकृत अधिकारी एवं प्रगणक निर्धारित प्रश्नावली के अनुसार चयनित घरों में जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे।

#### इन प्रमुख राष्ट्रीय सर्वेक्षणों का होगा संचालन

अजीत कुमार ने बताया कि जिले में पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे, नेशनल हाउसहोल्ड सर्वे, वार्षिक असंगठित सेवा क्षेत्र उद्यम सर्वे, माइग्रेशन पार्टिकुलर्स सर्वे, अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण तथा स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण संचालित किए जाएंगे। इन सर्वेक्षणों के माध्यम से रोजगार, परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, असंगठित सेवा क्षेत्र, प्रवास, कृषि, ऋण एवं निवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण के अंतर्गत परिवारों की परिसंपत्तियों, भूमि, भवन, बैंक जमा, बीमा, पेंशन, शेयर, ऋण एवं अन्य वित्तीय निवेशों का अध्ययन किया जाएगा। वहीं स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण के तहत ग्रामीण परिवारों की कृषि, पशुपालन, खेती की लागत, आय एवं आजीविका की स्थिति का विस्तृत आकलन किया जाएगा। इसके अलावा अन्य सर्वेक्षणों के माध्यम से रोजगार, प्रवास और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों से जुड़े आंकड़े संकलित किए जाएंगे।

## प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सुरेंद्र को मिला शिक्षा गौरव रत्न सम्मान

**सिरसा।** शिक्षाविद् डॉ. सुरेंद्र गोयल को शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, फार्मेसी, नर्सिंग, हेल्थकेयर, वोकेशनल एवं स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा के प्रचार-प्रसार में उनके उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी योगदान के लिए शिक्षा गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. सुरेंद्र गोयल ने वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करते हुए युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोडऩे का सराहनीय कार्य किया है। शिक्षा के प्रति उनका समर्पण एवं समाजहित में उनकी निरंतर सक्रियता उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत बनाती है। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. अनिल धानुका ने यह सम्मान प्रदान करते हुए कहा कि डॉ. सुरेंद्र गोयल का शिक्षा, स्वास्थ्य एवं



सिरसा। डॉ. सुरेंद्र गोयल को शिक्षा गौरव रत्न सम्मान प्रदान करते हुए।

कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने विशेष रूप से ऑनलाइन एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका समर्पण समाज और शिक्षा जगत के लिए अनुकरणीय है।

## राजकीय स्कूल बड़ोपल में गूंजा पेड़ लगाओ-जीवन बचाओ का नारा

- बढ़ते प्रदूषण का एकमात्र समाधान अधिक से अधिक वृक्ष लगाना : अनीता रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गांव बड़ोपल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण एंव पौधा वितरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने के साथ-साथ समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने



फतेहाबाद। बड़ोपल विद्यालय में पौधारोपण करती छात्राएं।

का अनूठा प्रयास किया गया। इस अभियान के तहत आज स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 50 छायादार और फलदार पौधे रोपे गए। इसके साथ ही हरियाली के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को 220 पौधे निःशुल्क वितरित किए गए।

#### पेड़ जीवन का आधार

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या अनीता रानी ने कहा, पेड़ हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं। आज के समय में बढ़ता प्रदूषण पूरी मानवता के लिए एक गंभीर चुनौती है और इसका एकमात्र समाधान अधिक से अधिक वृक्ष लगाना ही है। प्राचार्या ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वितरण में मिले पौधों को न केवल लगाएं, बल्कि एक अभिभावक की तरह उनके बड़े होने तक उनकी नियमित देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा का दृढ़ संकल्प भी लें। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य योग मदन गोपाल आर्य ने पौधों के औषधीय गुणों की विस्तार से जानकारी दी।

### एसपी से मिले कमेटी सदस्य, पहल को बताया सराहनीय

**चोपटा।** चौपटा क्षेत्र के गांव नाथूसरी कलां में नशा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर गांव में गठित कमेटी सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण से मिले। कमेटी सदस्य व सरपंच प्रतिनिधि जगतपाल कासनियां, रघुबीर कड़वासरा, बलराम कासनियां, सुरेंद्र कासनियां, हरदत सेन, प्रमोद भडिया ने एसपी दीपक सहारण को बताया कि गांव में नशे के खिलाफ पंचायत हुई। इसमें निर्णय हुआ कि नशा तस्कर की पंचायत या कोई ग्रामीण जमानत नहीं करवाएगा। किसी ग्रामीण ने जमानत करवाई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नशा तस्कर की जमानत नहीं करवाएंगे। कमेटी सदस्यों ने एसपी से आग्रह किया अगर गांव में कोई भी व्यक्ति नशा बेचता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कमेटी सदस्यों को आश्वासन दिया कि गांव में नशा बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## शिक्षकों को दिया भारतीय सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण



**सिरसा।** आरकेजे श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केन्द्र द्वारा जिले के राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत मुख्य शिक्षक, मौलिक मुख्याध्यापक एवं विशेष अध्यापकों के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा (इंडियन साइन लैंग्वेज-आईएसएल) विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों से 93 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को भारतीय सांकेतिक भाषा का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा श्रवण एवं वाणी दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ प्रभावी एवं सहज संवाद स्थापित करने के लिए सक्षम बनाना था। केन्द्र के आईएसएल प्रशिक्षक अंकित, मोहित तथा इंटरप्रेटर विशाल ने प्रतिभागियों को भारतीय सांकेतिक भाषा के विभिन्न संकेतों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सांकेतिक भाषा के महत्व, उसके प्रभावी उपयोग तथा दिव्यांगजन-अनुकूल संचार प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी भी दी। वहीं श्री शेखर शर्मा सहित केन्द्र के समस्त कर्मचारियों ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जनसंख्या संतुलन, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया

## क्रेसंट स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर छात्रों ने दिया जनसंख्या संतुलन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर प्राइमरी विंग द्वारा विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। बड़ी ही दक्षता के साथ किये गया मंच संचालन में विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, प्रेरणादायक विचार, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं स्पेल चेक गतिविधि के माध्यम से बढ़ती जनसंख्या के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। दीक्षा के मंच संचालन में कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं स्वागत गीत के साथ हुई। छात्र लक्षित ने 'छोटी सी धरती पर देखो, भीड़ लगी है लोगों की' विषय पर प्रभावशाली कविता प्रस्तुत की। अंशिका ने विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व पर प्रेरक भाषण देकर सभी को जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों एवं संसाधनों के संतुलित उपयोग के प्रति जागरूक किया। आयुष, प्रांजल व समर ने जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगाओ, सुनहरे भविष्य




फतेहाबाद। क्रेसंट में विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

की राह बनाओ, प्रकृति का संतुलन बनाएं, जनसंख्या को नियंत्रित कर दिखाएं, प्रेरणादायक विचार सांझा किए। लविश ने विश्व जनसंख्या दिवस से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्नों व दिग्विजय ने स्पेल चेक के माध्यम से उपस्थित विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने अपने संबोधन में कहा कि जनसंख्या केवल संख्या नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। यदि हम शिक्षा, जागरूकता एवं संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को अपनाएं, तो बढ़ती जनसंख्या भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बन सकती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वस्थ, शिक्षित एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों की बचत एवं जनसंख्या संतुलन के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं।

**बेदखली सूचना**
हम हनुमान पुत्र साहब राम, शारदा पत्नी हनुमान निवासी गांव सुकेरा खेड़ा, तहसील डबवाली, जिला सिरसा हरियाणा ब्यान करते हैं कि हमारी लड़की कोमल हमारे कहने सुनने के बाहर है। इसलिए हम अपनी लड़की कोमल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में हमारी लड़की कोमल से लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
शपथकर्ता

# गुरुग्राम में मुठभेड़ : लंबे समय से पुलिस के रडार पर था बदमाश

# एनकाउंटर में ढेर हुआ समैन का दीपा 14 आपराधिक मामलों में था नामजद

### हत्या के प्रयास, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में दर्ज थे केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गुरुग्राम में बीती रात पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बदमाशों में शामिल फतेहाबाद जिले के गांव समैन निवासी संदीप उर्फ दीपा का लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उसके खिलाफ फतेहाबाद, हिसार और आसपास के जिलों के विभिन्न थानों में कुल 14 आपराधिक मामले दर्ज थे। इनमें हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट के कई मामले शामिल हैं।

पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि वह लंबे समय से कानून प्रवर्तन एजेंसियों के रडार पर था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार संदीप उर्फ दीपा के खिलाफ सबसे अधिक मामले अवैध हथियार रखने से संबंधित आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज हुए। इसके अलावा उस पर लूट, चोरी, जानलेवा हमला, अपहरण, मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोपों में भी मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ फतेहाबाद के भुना, टोहाना शहर, सदर टोहाना तथा हिसार के उकलाना, हांसी और सदर हिसार थानों में विभिन्न वर्षों में केस दर्ज हुए। दीपा के चार भाई है। इनमें कुछ समय पहले एक की मौत हो गई


फतेहाबाद। एनकाउंटर में मारा गया समैण निवासी दीपा।

थी। बाकी परिवार गांव में ही रहता है। दीपा पिछले काफी समय से फरीदाबाद व गुरूग्राम चला गया था। रिकॉर्ड के अनुसार वर्ष 2010 से उसके खिलाफ आपराधिक मामलों का सिलसिला शुरू हुआ, जो वर्ष 2025 तक जारी रहा। वर्ष 2010 में ही उसके खिलाफ लूट, हत्या के प्रयास और चोरी के कई मुकदमे दर्ज हुए। इसके बाद 2013, 2014, 2015, 2016, 2018 और 2025 में भी अलग-अलग मामलों में उसका नाम सामने आया। पुलिस के अनुसार उस पर आर्म्स एक्ट के सात से अधिक मामले दर्ज थे। गुरुग्राम में हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद अब फतेहाबाद पुलिस रिकॉर्ड में भी संदीप उर्फ दीपा के आपराधिक इतिहास की पुष्टि हुई है।

### दीपा पर दर्ज प्रमुख मामले

- वर्ष 2010 में लूट, चोरी और हत्या के प्रयास के कई मुकदमे
- वर्ष 2013 में हत्या के प्रयास का मामला
- वर्ष 2014 में लूट और आर्म्स एक्ट के दो मामले
- वर्ष 2015 में आर्म्स एक्ट के दो मामले।
- वर्ष 2016 में आर्म्स एक्ट का एक मामला
- वर्ष 2018 में आर्म्स एक्ट तथा मारपीट, अपहरण और धमकी का मामला
- वर्ष 2025 में आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तारी का मामला।

## राजेंद्र खिलेरी हत्याकांड : भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद

*तीन आरोपियों से बंदूक, पिस्तौल, कट्टा और 8 कारतूस जब्त*

**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी के पूर्व सरपंच राजेंद्र खिलेरी की सनसनीखेज हत्या के मामले में फतेहाबाद सदर पुलिस को रिमांड के दौरान बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किए गए अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों ने रिमांड के दौरान पूछताछ में कई अहम राज उगले हैं, जिसके बाद पुलिस ने एक 12 बोर बंदूक, एक 315 बोर पिस्तौल, एक देसी कट्टा और 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गौरतलब है कि बीते 4 जुलाई को गांव खाराखेड़ी स्थित रंगला पंजाब तडक़ा ढाबा' के पास पूर्व सरपंच राजेंद्र खिलेरी की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस दुस्साहसिक वारदात से इलाके में दहशत फैल गई थी। मृतक के परिजनों की शिकायत पर थाना सदर फतेहाबाद में हत्या और आर्म्स एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न संगीन धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को दबोचकर कोर्ट से पुलिस रिमांड पर लिया था।

### किस आरोपी से क्या हुआ बरामद

थाना सदर प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि रिमांड के दौरान पुलिस टीम ने जब आरोपियों को आमने-सामने बिठाकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने हथियारों के ठिकाने उगल दिए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर रिकवरी की है। गांव खाराखेड़ी निवासी विनोद गोदारा के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एक 12 बोर की बंदूक बरामद हुई। इसके अलावा खाराखेड़ी के ही जिलेसिंह उर्फ सेठी के पास से एक 315 बोर की पिस्तौल (देसी कट्टा) और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गांव के विक्रम से पुलिस ने इसके कब्जे से 12 बोर के 5 कारतूस बरामद किए हैं।

### गहन जांच जारी, खुल सकते हैं कई और राज

सदर थाना पुलिस के अनुसार, इस हत्याकांड के पीछे की मुख्य वजह और साजिश में शामिल अन्य चेहरों को बेनकाब करने के लिए जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान मिली इन महत्वपूर्ण जानकारियों के बाद अब कड़ियों को जोड़ा जा रहा है।

## सिरसा विश्वविद्यालय में मना एबीवीपी का स्थापना दिवस


सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

- 2026-27 के लिए सिरसा नगर इकाई के नए दायित्वों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की सिरसा इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं संगठन के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संकल्प विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण, छात्र हित और संगठन की कार्यशैली पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्ष 2026-27 के लिए सिरसा नगर इकाई के नए दायित्वों की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार, समाजसेवी एवं जल स्टार एडवोकेट रमेश गोयल व संगठन के प्रांत संगठन मंत्री संजय कस्वां ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन अधिकारी एवं जिला प्रमुख संदीप कुमार देशप्रेमी ने नई नगर इकाई की घोषणा करते हुए डॉ. कपिल कुमार को नगर अध्यक्ष तथा कुमारी तन्नू को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा। उन्होंने नवदायित्वधारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम छात्र हितों की रक्षा, शैक्षणिक वातावरण के विकास तथा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगी। इस मौके पर प्रांत संगठन मंत्री संजय कस्वा ने अपने संबोधन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कार्यशैली के बारे में बताया।

### राष्ट्रहित सर्वोपरि

कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने, राष्ट्रहित के प्रति सजग रहने तथा सकारात्मक नेतृत्व विकसित करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य केवल छात्र राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता और सेवा भाव का विकास करना भी है। समारोह का समापन राष्ट्रगीत एवं भारत माता के जयघोष के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### दुकान से गेहूं व चने चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**चोपटा।** पुलिस ने दुकान से 50 किलो गेहूं व 30 किलो चने के चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि गांव जमाल निवासी मनीर ने पुलिस को शिकायत दी थी कि बीती 6 जुलाई को रात्रि के समय दुकान में चोर घुस गए। चोर दुकान में रखे 50 किलो गेहूं व 30 किलो चने चोरी कर मौके से फरार हो गए थे। शिकायत के आधार पर थाना नाथूसरी चौपटा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में पुलिस ने अक्षय को गिरफ्तार किया है।

### राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**सिरसा।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार-2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार योजना का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम (2016) के तहत दिव्यांग व्यक्तियों और किसी भी दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले नागरिकों के कार्य को मान्यता देना और प्रोत्साहित करना है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की अनुसूची में निर्दिष्ट श्रेणी में 40 प्रतिशत या उससे अधिक बेंचमार्क दिव्यांगता वाला कोई भी व्यक्ति स्वयं को नामांकित कर सकता है।

### बोर्ड की परीक्षाओं के मद्देनजर धारा 163 लागू

**सिरसा।** जिलाधीश शांतनु शर्मा ने जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षणिक) एक दिवसीय (कम्पार्टमेंट/अतिरिक्त विषय) तथा माध्यमिक (शैक्षणिक) (कम्पार्टमेंट/अतिरिक्त विषय) परीक्षा जुलाई-2026 को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 163 लागू करने के आदेश पारित किए हैं। ये परीक्षाएं स्थानीय आरएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डबवाली रोड सिरसा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा, आरकेपी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेहरू पार्क सिरसा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर बेगू व अन्य स्कूलों में सेंटर बनाए गए है।

### गोविंदनगर की गलियों की सुध ले प्रशासन : भाटिया

**सिरसा।** जेजेपी के शहरी अध्यक्ष दीपक भाटिया ने जिला प्रशासन से हिसार रोड स्थित गोविंद नगर की गली नंबर 5 व 6 की दयनीय हालत को बेहतर बनाने की मांग की है। जेजेपी के शहरी अध्यक्ष दीपक भाटिया ने कहा कि इन दोनों गलियों में पिछले लंबे समय से कीचड़ व गड्ढे हैं जिनमें से किसी भी दोपहिया अथवा अन्य वाहनों का निकलना मुश्किल है जिसके चलते आमजन खासी परेशानी महसूस करता है। उन्होंने कहा कि इन दोनों गलियों के वाशिंदों का उपरोक्त परेशानियों के चलते घर से बाहर निकलना कठिन हो गया है। हालत की गंभीरता को यूं भी समझा जा सकता है कि यहां गंदे पानी के जमा होने से बीमारियां का खतरा काफी बढ़ गया है।

## चौपटा बाजार में दुकानों की टीन-शेड पर लटके बिजली तार, हादसे का खतरा

- पोल शिफ्ट और लाइनों में अनियमितताओं के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

चौपटा कस्बे के मुख्य बाजार में बिजली व्यवस्था लोगों के लिए खतरे का कारण बनी हुई है। बाजार क्षेत्र में भारी-भरकम बिजली केबलें दुकानों की टीन और शेड की छतों पर लटक रही हैं, जबकि कई स्थानों पर बिजली के खंभे भी झुकी हुई स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में बरसात और तेज हवा के दौरान किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। बाजार में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यदि कोई केबल टूटकर गिर जाए या करंट फैल जाए तो जनहानि हो सकती हैं। दुकानदार सुभाष, रोहताश, राहुल सहित अन्य लोगों ने बताया कि लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तस्वीरों में स्पष्ट देखा जा सकता है कि कई बिजली केबलें झुके हुए खंभों से होकर सीधे दुकानों की टीन और शेड पर टिकी हुई हैं। इससे न केवल दुकानों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है, बल्कि यह बिजली सुरक्षा मानकों पर भी सवाल खड़े करता है। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में सिरसा-भादरा रोड पर चौपटा शहर में सीसी सडक़ का निर्माण कराया गया था।


चोपटा। चोपटा में दुकानों की छतों से गुरजीत केबल।

## प्रतिबंधित दवाओं की खेप के साथ दो गिरफ्तार

- पार्सल से लाई जा रही थी नशे की खेप, पंजाब के बठिंडा व चंडीगढ़ में सिरसा पुलिस की छापेमारी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने जिले क्षेत्र से पार्सल से भेजी गई नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। नशीली गोलियों की खेप पंजाब के बठिंडा से पिकअप में सिरसा पहुंचाई जा रही थी। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए नशा तस्करी का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई प्रतिबंधित गोलियों की कीमत करीब 75 लाख रुपये आकी गई है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने शुक्रवार को बताया कि मामले में फर्जी बिल और दस्तावेजों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस पूरे नेटवर्क की कडिय़ां जोड़ी जा रही है। एसपी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान सिरसा के सांगवान चौक की ओर से पार्सलों से भरी एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रोक कर चालक से पूछताछ की। चालक की पहचान सिरसा निवासी राजपाल तथा भरत कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में भरत कुमार ने बताया कि उसकी बठिंडा की लॉटरी मार्केट में पार्सल की दुकान है।


सिरसा। नशीली गोलियों की खेप के साथ पकड़े गए आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

### बड़ा खुलासा

पुलिस जांच में सामने आया कि दवा कंपनी का रजिस्टर्ड पता चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 में है, लेकिन स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि कंपनी करीब तीन महीने पहले ही वहां से कार्यालय खाली कर चुकी है। पुलिस कंपनी की भूमिका को भी संदेह के दायरे में रखकर हर पहलू की गहन जांच कर रही है। मामले का खुलासा करने के लिए सिरसा पुलिस लगातार बठिंडा व चंडीगढ़ में दबिश देकर छापेमारी कर रही है।


रतिया। ई-दिशा केन्द्र का निरीक्षण करते एसडीएम।

## एसडीएम ने ई-दिशा केंद्र, लघु सचिवालय व पटवार भवन का किया औचक निरीक्षण

**रतिया।** एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को ई-दिशा केंद्र, लघु सचिवालय तथा पटवार भवन का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध नागरिक सेवाओं एवं कार्यालयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ई-दिशा केंद्र में नागरिकों को प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं, आवेदन प्रक्रिया तथा लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए तथा सेवा लेने आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने लघु सचिवालय एवं पटवार भवन का निरीक्षण करते हुए कार्यालयों में साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव के निर्देश दिए।

## कॉकरोच जनता पार्टी के मंच पर उठा फतेहाबाद जिला पुस्तकालय का मुद्दा

- राधेश्याम सोनी ने अभिजीत दीपके को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रोग्रेसिव फतेहाबाद काउंसिल के प्रचार मंत्री राधेश्याम सोनी ने नई दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके को ज्ञापन सौंपकर फतेहाबाद जिला पुस्तकालय की वर्षों पुरानी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षाविद् एवं पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक से भी मुलाकात कर फतेहाबाद के जिला पुस्तकालय की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। ज्ञापन के अनुसार, फतेहाबाद जिला मुख्यालय पर पिछले लगभग 17-18 वर्षों से एक आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त जिला पुस्तकालय की मांग लंबित है। वर्तमान में जिला पुस्तकालय अपनी मूल व्यवस्था में संचालित नहीं हो रहा है। पुस्तकालय की हजारों पुस्तकें बस स्टैंड परिसर के कमरों में बंद पड़ी हैं, जबकि विद्यार्थियों के लिए केवल बल भवन में रीडिंग रूम संचालित किया जा रहा है। इस प्रकार जिला पुस्तकालय दो अलग-अलग स्थानों से संचालित हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों को पुस्तकालय की मूल सुविधाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा। काउंसिल ने ज्ञापन में कहा कि जिला पुस्तकालय की किताबें बस स्टैंड में नहीं, बल्कि जिला पुस्तकालय की अलमारियों में शोभा देती हैं। इससे बच्चों का बड़ा नुकसान हो रहा है।



फतेहाबाद। दिल्ली में अभिजीत दीपके को ज्ञापन सौंपते राधेश्याम सोनी।

## गर्ल्स कॉलेज में 12 जुलाई तक हो सकेंगे ऑनलाइन दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में बीए, बीकॉम, बीएससी व बीसीए में दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया जारी है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई निर्धारित की गई है। इसके बाद रिक्त सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग से एडमिशन किये जाएंगे। प्राचार्या डा. लखबीर कौर ने बताया इस महाविद्यालय में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा बेहद कम फीस में उपलब्ध है तथा वंचित व आर्थिक दृष्टि से कमजोर छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप का प्रावधान भी है। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय की ओर रुख करना है तो ऐसे में ग्रामीण आंचल महाविद्यालय एक अच्छा अवसर प्रदान करता है। यहां विभिन्न संकायों में 840 सीटों पर छात्राएं दाखिला लेकर अपनी उच्च शिक्षा का सपना साकार करने के साथ-साथ अपने माता-पिता व अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती हैं। दाखिला प्रभारी प्रो. पवन कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में कला संकाय में 400, वाणिज्य संकाय में 160, विज्ञान संकाय में 200, कंप्यूटर संकाय में 80 सीटों पर दाखिले आरम्भ किये गए है।

### शिकायतों की विभागाध्यक्ष करें निगरानी: उपायुक्त

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के समाधान में विशेष ध्यान दिया जाए और कोई भी शिकायत ओवरड्यू न हो। संबंधित विभाग के अधिकारी साप्ताहिक रूप से अपने स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ और सीएम विडो की शिकायतों का साप्ताहिक रूप से समीक्षा करें। उपायुक्त ने ये निर्देश समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में दिए। इससे पहले मानव संसाधन विभाग के कमिश्नर एवं सचिव फूलचंद मीणा ने वीसी के माध्यम से सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण, अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि सीएम विंडो और समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जा रही है। सभी अधिकारी प्राप्त होने वाली शिकायतों पर संज्ञान लें और समयबद्ध ढंग से शिकायत का निपटारा करें। शिकायतकर्ता पक्ष को भी इसकी जानकारी दें ताकि उन्हें सही जानकारी मिल सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए शी बॉक्स पोर्टल पर कराएं पंजीकरण

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा कार्यस्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यौन उत्पीडऩ (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत शी बॉक्स पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ से संबंधित शिकायतें ऑनलाइन दर्ज की जा सकती हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह ने सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों से अपील की है कि जिन संस्थानों में 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है। साथ ही सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शी बॉक्स पोर्टल पर अपने संस्थान का पंजीकरण अवश्य करवाए।

### सात साल के सिद्धार्थ को एसपी ने किया सम्मानित

## मासूम बोला- पुलिसवाला बनकर नशा खत्म करूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

कहते हैं कि संस्कार उम्र देखकर नहीं आते, और इस बात को सच कर दिखाया है भूना के 7 वर्षीय मासूम सिद्धार्थ जाखल ने। खेल-खेल में मिले सोने के कीमती आभूषण को उसके असली मालिक तक पहुंचाकर सिद्धार्थ ने ईमानदारी की जो मिसाल पेश की है, उसकी गूंज अब पुलिस महकमे तक पहुंच गई है। फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने नन्हे सिद्धार्थ की इस अनुकरणीय ईमानदारी से प्रभावित होकर उसे विशेष तौर पर अपने कार्यालय आमंत्रित किया और पौधा व प्रशंसा-पत्र भेंट कर उसका हौसला बढ़ाया। वाक्या बीती 7 जुलाई का है, जब भूना की गणेश कॉलोनी स्थित शहीद सुखदेव सिंह पार्क में सिद्धार्थ खेल रहा था। इसी दौरान उसे जमीन पर गिरा हुआ करीब 40 हजार रुपये की कीमत का सोने का एक झुमका मिला। इतनी कम उम्र में इतनी कीमती चीज देखकर भी नन्हे सिद्धार्थ का मन नहीं डोला। उसने तुरंत वह झुमका अपने परिजनों को सौंप दिया। परिवार ने भी तत्परता दिखाते हुए झुमके के असली मालिक को ढूंढा और उसे सुरक्षित लौटा दिया। मासूम की इस ईमानदारी की खबर जब जिला पुलिस कप्तान निकिता खट्टर तक पहुंची, तो उन्होंने बच्चे को सम्मानित करने का फैसला किया। एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सिद्धार्थ के पिता विकास कुमार और समाजसेवी मुकेश कुमार की मौजूदगी में एसपी ने बच्चे की पीठ थपथपाई। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सिद्धार्थ को एक पौधा और प्रशंसा-पत्र भेंट किया।


फतेहाबाद। सिद्धार्थ जाखल को सम्मानित करते एसपी निकिता खट्टर।

### एसपी ने बच्चों को सराहा

सम्मान समारोह के दौरान उस वक्त माहौल बेहद भावुक और प्रेरणादायी हो गया, जब एसपी निकिता खट्टर ने सिद्धार्थ से उसके भविष्य के सपनों को लेकर आत्मीय बातचीत की। नन्हे सिद्धार्थ ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा, मैं बड़ा होकर आपकी तरह ही पुलिस अधिकारी बनूंगा और समाज से नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए काम करूंगा। बच्चे के इस संकल्प को सुनकर एसपी ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि सच्ची मेहनत, अनुशासन और अच्छे संस्कार ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव होते हैं। बचपन में बोए गए ईमानदारी और अनुशासन के संस्कार ही बच्चों को कल का जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। फतेहाबाद पुलिस कानून-व्यवस्था के साथ-साथ समाज में ऐसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए सदैव तत्पर है।

**- निकिता खट्टर, एसपी, फतेहाबाद**